राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www. rsmsssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(81)RSSB/अर्थना/क.अभि./भर्ती /2020/1०94 दिनांक : 14.09.2021

–:: कार्यालय आदेश ::–

कनिष्ठ अभियंता सिविल (डिग्री) भर्ती–2020

बोर्ड द्वारा कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती–2020 में सार्वजनिक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग एवं राजस्थान कृषि विपणन बोर्ड के लिए कनिष्ठ अभियंता सिविल (डिग्री) के पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 03.03.2020 को विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त पदों पर बोर्ड द्वारा दिनांक 12.09.2021 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है। इस भर्ती में आवेदकों के ऑनलाईन आवेदन में **दिनांक 15.09.2021 से दिनांक 24.09.2021 23.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।** अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में स्वयं का नाम, माता/पिता के नाम, पता, शैक्षणिक यौग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन नहीं कर सकेगा। इसके अतिरिक्त अन्य सूचनाओं यथा श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, जन्म तिथि, लिंग, विभागों की प्राथमिकता क्रम इत्यादि में निर्धारित रू. 300/–का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। आवेदक के नाम, आवेदक के माता/पिता के नाम, पता, शैक्षणिक यौग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। **उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र संशोधन हेतु स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

सचिव